भौतिकी संस्थान, भुवनेश्वर

<u>हिंदी पखवाडा-2016 एक रिपोर्ट</u>

भौतिकी संस्थान, भुवनेश्वर में हिन्दी पखवाड़ा समारोह 14 से 28 सितम्बर, 2016 के दौरान बड़ी धूमधाम एवं राष्ट्रीय गरिमा के साथ मनाया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ 14.09.2016 को आयोजित हिंदी दिवस समारोह के साथ हुआ।

<u>हिंदी दिवस समारोह-2016</u>

कार्यक्रम का आयोजन विधिवत् रूप से अतिथियों के पुष्पगुच्छ के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. अजित मोहन श्रीवास्तव, प्रोफेसर कर रहे थे । श्री भगबान बेहेरा संयोजक ने उपस्थित संकाय सदस्यों, छात्रों और कर्मचारियों को स्वागत किया । हिंदी दिवस के अवसर पर श्री राजनाथ सिंह, मान्यवर गृहमंत्री, भारत सरकार द्वार भेजे गए संदेश का पाठ किया गया था । इस अवसर पर डॉ. शेखर बसु, अध्यक्ष, परमाणु ऊर्जा आयोग तथा सचिव, परमाणु ऊर्जा विभाग द्वार भेजे गए संदेश का पाठ किया गया था । प्रो. अजित मोहन श्रीवास्तव ने अपने अध्यक्षीय भाषण और प्रो. सतवीर सिहं, क्षेत्रीय निदेशक, केंद्रीय हिंदी संस्थान, भारत सरकार मुख्य अतिथि के रुप में अपने सारगर्भित संबोधनों से उपस्थित सभी संकाय सदस्यों/ अधिकारियों/ कर्मचारियों/ छात्रों का मार्गदर्शन किया। श्री भगबान बेहेरा संयोजक ने उपस्थित संकाय सदस्यों, छात्रों और कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापन किया।

हिंदी दिवस समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो. सतवीर सिंह (केद्र) को स्मृति चिह्न भेंट करते हुए प्रो. अजित मोहन श्रीवास्तव (बाएं)

<u>हिंदी पखवाडा के दौरान आयोजित प्रतियोगितायें</u>

हिंदी पखवाड़े के दौरान संस्थान के कर्मचारियों एवं शोध छात्रों के लिए हिन्दी में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं । दिनांक 16.09.2016 को संस्थान के कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए टिप्पण तथा आलेखन प्रतियोगिता आयोजित की गयी थी। दिनांक 19.9.2016 को पत्र-लेखन प्रतियोगिता आयोजित हुई थी । दिनांक 209.2016 को ***राष्ट्रीय एकता एवं हिंदी भाषा*** अथवा ***जल विवाद एवं समाधान*** अथवा ***स्वच्छ भारत अभियान*** शीर्षक पर कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए और ***जीवन में पुस्तकों /ई-पुस्तकों की भूमिका*** अथवा ***भविष्य के निर्मकर्ता है शिक्षक*** आदि विषय पर छात्रों के लिए निबंध प्रतियोगिता आयोजित हुई थी। दिनांक 21.09.2016 को वाद-विवाद प्रतियोगिता, तकनीकी तथा एमटीएस वर्ग के कर्मचारियों के लिए दिनांक 22.9.2016 को हिंदी श्रुत लेखन प्रतियोगिता और हिंदी सुलेख प्रतियोगिता, दिनांक 23.09.2016 को ***डिजिटॉल इंडिया-फायदा है या नुकसान*** पर वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित हुई थी । दिनांक 27.09.2016 को हिंदी टंकण प्रतियोगिता आयोजित हुई थी।

<u>हिंदी कार्यशाला का आयोजन</u>

हिंदी पखवाडा के अवसर पर दिनांक 26.09.2016 को एक हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला ***राजभाषा नीति तथा कार्यान्वयन और हिंदी में आलेखन तथा टिप्पण*** पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में भाग लेने के लिए दो अधिकारी और सात कर्मचारियों को नामित किया गया था। कार्यशाला में संकाय के रूप श्री नारायण मामतवाला, हिंदी अधिकारी, दूरदर्शन केंद्र, भुवनेश्वर उपस्थित थे ।

<u>हिंदी पखवाडा समापन और पुरस्कार वितरण समारोह</u>

हिन्दी पखवाड़ा समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह 28 सितम्बर, 2016 को अपराह्न 4.00 बजे संस्थान के सम्मेलन कक्ष में आयोजित किया गया । प्रो. सुधाकर पण्डा, निदेशक ने इस समारोह की अध्यक्षता की । निदेशक महोदय ने संस्थान में राजभाषा की विभिन्न गतिविधियों का उल्लेख किया। साथ ही साथ उन्होंने सभी कर्मचारियों को हिन्दी में अधिकाधिक कार्य करने के लिए

आह्वान किया । अध्यक्ष महोदय ने यह भी कहा कि राजभाषा नीति का अनुपालन करना हम सब का नैतिक एवं संवैधानिक जिम्मेदारी भी है ।

छायाचित्र-हिंदी पखवाडा समापन समारोह में प्रो. सुधाकर पंडा (बाएं) और प्रो. अशोक कुमार दास (दाएं)

अध्यक्षीय भाषण के उपरांत हिन्दी पखवाड़ा समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि प्रो. अशोक कुमार दास, कुलपति, उत्कल विश्व विद्यालय, भुवनेश्वर ने राजभाषा हिंदी के महत्व पर जोर देते हुए विभिन्न पहलुओं पर अपना विचार प्रस्तुत किया ।

उक्त समारोह में संस्थान के सभी संकाय सदस्यगण, छात्रगण और कर्मचारीगण भाग लिये थे। मुख्य अतिथि के संबोधन के उपरांत आयोजित प्रतियोगिताओं के 16 विजेताओं को पुरस्कृत किया गया और उन्हें प्रमाणपत्र भी प्रदान किया गया । चार कर्मचारियों को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया गया । हिंदी शिक्षण योजना, भुवनेश्वर केंद्र द्वारा आयोजित हिंदी प्रवीण और प्राज्ञ परीक्षा में उत्तीर्ण कर्मचारियों को भी अपना अपना प्रमाण-पत्र मुख्य अतिथि के कर-कमलों से प्रदान किया गया। श्री भगबान बेहेरा, वरिष्ठ हिंदी अनुवादक ने सुचारू रूप से इस पखवाड़ा का आयोजन किया और उनके द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ समारोह सहर्ष सम्पन्न हुआ ।

000===000